आनंदालय

सामयिक परीक्षा-2

कक्षा : ग्यारहवीं

विद्या सवार्थ साधिका

विषय : हिंदी (आधार) अधिकतम अंक : 80

दिनांक : 24-09-2022 निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश:

1. प्रश्न पत्र दोखंडों, 'अ' और'ब', में विभक्त है।
2. खंड 'अ', में 6 वस्तुपरकप्रश्न पूछे गए हैं जबकि खंड 'ब' में 8 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।
3. प्रश्नोत्तर क्रमवार लिखेजाने चाहिए ।
4. बहुविकल्पीय उप प्रश्न संख्या के साथ लिखित उत्तर भी लिखना अनिवार्य है ।
5. प्रश्न पत्र में कुल 9 पृष्ठ हैं ।

## खंड- 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न) 40 अंक

1. प्रस्तुत गद्यांश को पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों केउचित विकल्प (उत्तर)का चयन करके दीजिए- (1x10=10)

शिक्षा के क्षेत्र में पुनर्विचार की आवश्यकता इतनी गहन है कि अब तक बजट, कक्षा, आकार, शिक्षक-वेतन और पाठ्यक्रम आदि के परंपरागत मतभेद आदि प्रश्नों से इतनी दूर निकल गई है कि इसको यहाँ पर विवेचित नहीं किया जा सकता। द्वितीय तरंग दूरदर्शन तंत्र की तरह (अथवा उदाहरण के लिए धूम्र भंडार उद्योग) हमारी जनशिक्षा प्रणालियाँ बड़े पैमाने पर प्रायः लुप्त हैं। बिलकुल मीडिया की तरह शिक्षा में भी कार्यक्रम विविधता के व्यापक विस्तार और नये मार्गों की बहुतायत की आवश्यकता है।

केवल आर्थिक रूप से उत्पादक भूमिकाओं के लिए ही निम्न विकल्प पद्धति की जगह उच्च विकल्प पद्धति को अपनाना होगा यदि नई थर्ड वेव सोसायटी में शिष्ट जीवन के लिए विद्यालयों में लोग तैयार किए जाते हैं। शिक्षा और नई संचार प्रणाली के छह सिद्धांतों-पारस्परिक क्रियाशीलता, गतिशीलता, परिवर्तनीयता, संयोजकता, सर्वव्यापकता और सार्वभौमिकरण के बीच बहुत ही कम संबंध खोजे गए हैं।

अब भी भविष्य की शिक्षा पद्धति और भविष्य की संचार प्रणाली के बीच संबंध की उपेक्षा करना उन शिक्षार्थियों को धोखा देना है जिनका निर्माण दोनों से होना है। सार्थक रूप से शिक्षा की प्राथमिकता अब मात्र माता-पिता, शिक्षकों एवं मुट्ठी भर शिक्षा सुधारकों के लिए ही नहीं है, बल्कि व्यापार के उस आधुनिक क्षेत्र के लिए भी प्राथमिकता में है जब से वहाँ सार्वभौम प्रतियोगिता और शिक्षा के बीच संबंध को स्वीकारने वाले नेताओं की संख्या बढ़ रही है। दूसरी प्राथमिकता कंप्यूटर वृद्धि, सूचना तकनीक और विकसित मीडिया के त्वरित सार्वभौमीकरण की है।

कोई भी राष्ट्र 21वीं सदी के इलेक्ट्रॉनिक आधारिक संरचना, एंब्रेसिंग कंप्यूटर्स, डाटा संचार और अन्य नवीन मीडिया के बिना 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था का संचालन नहीं कर सकता। इसके लिए ऐसी जनसंख्या की आवश्यकता है जो इस सूचनात्मक आधारिक संरचना से परिचित हो, ठीक उसी प्रकार जैसे कि समय के परिवहन तंत्र और कारों, सड़कों, राजमार्गों, रेलों से सुपरिचित

है।

वस्तुतः सभी के टेलीकॉम इंजीनियर अथवा कंप्यूटर विशेषज्ञ बनने की ज़रूरत नहीं है, जैसा कि सभी के कार मैकेनिक होने की आवश्यकता नहीं है, परंतु संचार प्रणाली का ज्ञान कंप्यूटर, फैक्स और विकसित दूर संचार को सम्मिलित करते हुए उसी प्रकार आसान और मुफ्त होना चाहिए जैसा कि आज परिवहन प्रणाली के साथ है। अत: विकसित अर्थव्यवस्था चाहने वाले लोगों का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए कि सर्वव्यापकता के नियम की क्रियाशीलता को बढ़ाया जाए- वह है, यह निश्चित करना कि गरीब अथवा अमीर सभी नागरिकों को मीडिया की व्यापक संभावित पहुँच से अवश्य परिचित कराया जाए।

अंततः यदि नई अर्थव्यवस्था का मूल ज्ञान है तब सतही बातों की अपेक्षा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का लोकतांत्रिक आदर्श सर्वोपरि राजनीतिक प्राथमिकता बन जाता है।

(i) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

(ii) लेखक का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(iii) इस गद्यांश का मूल विषय क्या है?

(iv) सर्वव्यापकता का अर्थ बताइए।

(v) शिक्षा की प्राथमिकता किन-किन के लिए है?

(vi) विकसित अर्थव्यवस्था चाहने वाले लोगों का प्रमुख लक्ष्य क्या होना चाहिए ?

(vii) 'सर्वोपरि' का शाब्दिक अर्थ बाताइए ।

(viii) 'कंप्यूटर' को हिंदी भाषा में क्या कहते हैं ?

(ix) 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था का संचालन किसके बिना प्राचीन मिडिया नहीं कर सकता ?

(x) 'बजट' से आप क्या समझते हैं ?

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

तरुणाई है नाम सिंधु की उठती लहरों के गर्जन का,
चट्टानों से टक्कर लेना लक्ष्य बने जिनके जीवन का।
विफल प्रयासों से भी दूना वेग भुजाओं में भर जाता,
जोड़ा करता जिनकी गति से नव उत्साह निरंतर नाता।
पर्वत के विशाल शिखरों-सा यौवन उसका ही है अक्षय,
जिनके चरणों पर सागर के होते अनगिन ज्वार साथ लय।
अचल खड़े रहते जो ऊँचा, शीश उठाए तूफ़ानों में,
सहनशीलता दृढ़ता हँसती जिनके यौवन के प्राणों में।
वही पंथ बाधा को तोड़े बहते हैं जैसे हों निर्झर,
प्रगति नाम को सार्थक करता यौवन दुर्गमता पर चलकर।

(i) कवि ने किसका आह्वान किया है।

(ii) तरुणाई की किन विशेषताओं का उल्लेख किया गया है ?

(iii) चट्टानों से टक्कर लेने का क्या तात्पर्य है ?

(iv) मार्ग की रुकावटों को कौन तोड़ते हैं और कैसे ?

(v) आशय स्पष्ट कीजिए-'जिनके चरणों पर सागर के होते अनगिन ज्वार साथ लाया।'

**अथवा**

यह लघु सरिता का बहता जल
कितना शीतल, कितना निर्मल
हिमगिरि के हिम से निकल-निकल,
यह विमल दूध-सा हिम का जल,
कर-कर निनाद कल-कल, छल-छल,
तन का चंचल मन का विह्वल
यह लघु सरिता का बहता जल।
ऊँचे शिखरों से उतर-उतर ।
गिर-गिर, गिरि की चट्टानों पर,
कंकड़-कंकड़ पैदल चलकर
दिनभर, रजनी-भर, जीवन-भर
धोता वसुधा का अंतस्तल
यह लघु सरिता का बहता जल।
हिम के पत्थर वो पिघल-पिघल,
बन गए धरा का वारि विमल,
सुख पाता जिससे पथिक विकल
पी-पी कर अंजलि भर मृदुजल
नित जलकर भी कितना शीतल
यह लघु सरिता का बहता जल।
कितना कोमल कितना वत्सल
रे जननी का वह अंतस्तल,
जिसका यह शीतल करुणाजल
बहता रहता युग-युग अविरल
गंगा, यमुना, सरयू निर्मल
यह लघु सरिता का बहता जल।

(i) वसुधा का अंतस्तल धोने में जल को क्या-क्या करना पड़ता है ?

(ii) जल की तुलना दूध से क्यों की गई है ?

(iii) आशय स्पष्ट कीजिए-'तन का चंचल मन का विह्वल'

(iv) कवि क्या संदेश दे रहा है ?

(v) 'रे जननी का वह अंतस्तल' में जननी किसे कहा गया है ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए - (1x5=5)

(i) समूह संचार का उपयोग कहाँ होता है ?

(क) समाज और देश के सामने उपस्थित समस्याओं को बातचीत और बहस के जरिए हल करना

(ख) सितारों और देश के सामने उपस्थित समस्याओं को बातचीत और बहस के जरिए हल करना

(ग) समाज और देश के सामने उपस्थित समस्याओं को बातचीत और बहस के जरिए हल करना

(घ) सितारों और देश के सामने उपस्थित समस्याओं को बातचीत और बहस के जरिए हल करना

(ii) भारत का पहला समाचार वाचक किसे माना जाता है ?

(क) इंद्र को (ख) देवर्षि नारद को (ग) चंद्रमा को (घ) विश्वकर्मा को

(iii) प्राचीन काल में संदेश किस तरह दिए जाते थे ?

(क) शिलालेखों पर लेख अंकित करके (ख) हल्दी पर लेखअंकित करके

(ग) भोजपत्र पर लेख अंकित करके (घ) बाँस के पत्ते पर लेख अंकित करके

(iv) जनसंचार के आधुनिक माध्यम कौन-कौन से हैं ?

(क) पेन और कागज़ (ख) पत्थर पर लिखेशिलालेख

(ग) अखबार और प्रिंटर (घ) रेडियो, टी.वी. समाचार-पत्र, सिनेमा इंटरनेट आदि

(v) जनसंचार में प्रिंट मीडिया का क्या महत्त्वहै ?

(क) यह माध्यम आकाशवाणी को शब्दों के रूप में रिकार्ड करता है

(ख) यह माध्यम वाणी को शब्दों के रूप में रिकार्ड करता है

(ग) यह माध्यम जंगली पशुओं की वाणी को शब्दों के रूप में रिकार्ड करता है

(घ) यह माध्यम केवल सितारों की वाणी को शब्दों के रूप में रिकार्ड करता है

4. निम्नलिखित काव्यांश पर आधरित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

किन्तु उनसे यह न कहना,
उन्हें देते धीर रहना,
उन्हें कहना लिख रहा हूँ
उन्हें कहना पढ़ रहा हूँ,
काम करता हूँ की कहना,
नाम करता हूँ की कहना
चाहते हैं लोग कहना,
मत करो कुछ शोक कहना,

और कहना मस्त हूँ मैं,
कातने में व्यस्त हूँ मैं,
वज़न सत्तर सेर मेरा,
और भोजन ढेर मेरा,
कूदता हूँ खेलता हूँ,
दु:ख डट कर ठेलता हूँ,
और कहना मस्त हूँ मैं,
यों न कहना अस्त हूँ मैं,

हाय रे, ऐसा न कहना,
है किजो वैसा न कहना
कह न देना जगाता हूँ,
आदमी से भागता हूँ,
हे सजीले हरेसावन,
हे की मेरे पुण्यपावन,
तुम बरस लो वे नबरसें,
पाँचवें को वे न तरसें ।

(i) कवि जेल में क्या-क्या करते हैं-

(क) लिखते, पढ़ते व देश सेवा करके अपना नाम रोशन करते हैं ।

(ख) लिखते और सो करके अपना नाम रोशन करते हैं ।

(ग) पढ़ते और गाना गुनगुना कर अपना नाम रोशन करते हैं ।

(घ) लिखते, पुलिस वालों से झगडा  कर अपना नाम रोशन करते हैं ।

(ii) जेल में कवि का वजन कितना सेर हो गया था ?

(क) 50 सेर (ख) 60 सेर (ग) 70 सेर (घ) 80 सेर

(iii) जेल में कवि क्या करने में व्यस्त रहते हैं-

(क) पतंग कटाने में (ख) कपडे कटाने में (ग) घास कटाने में (घ) सूत कातने में

(iv) जेल में कवि रातभर क्या करते थे ?

(क) सोते रहते थे (ख) जागते रहते थे

(ग) काम करते रहते हैं (घ) मस्ती करते रहते हैं

(v) कवि जेल में किन को देखकर भागता है -

(क) आदमियों को (ख) काम को (ग) औरतों को (घ) पुलिसवालों को

5. निम्नलिखित गद्यांश पर आधरित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

लोहे की एक मोटी छड़ को भट्ठी में गलाकर धनराम गोलाई में मोड़ने की कोशिश कर रहा था। एक हाथ से सँडसी पकड़कर जब वह दूसरे हाथ से हथौड़े की चोट मारता तो निहाई पर ठीक घाट में सिरा न फँसने के कारण लोहा उचित ढंग से मुड़ नहीं पा रहा था। मोहन कुछ देर तक उसे काम करते हुए देखता रहा फिर जैसे अपना संकोच त्यागकर उसने दूसरी पकड़ से लोहे को स्थिर कर लिया और धनराम के हाथ से हथौड़ा लेकर नपी-तुली चोट मारते, अभ्यस्त हाथों से धौंकनी फूँककर लोहे को दुबारा भट्ठी में गरम करते और फिर निहाई पर रखकर उसे ठोकते-पीटते सुघड़ गोले का रूप देडाला।

(i) मोहन धनराम के पास क्यों गया था ?

(क) हँसुवे की धार तेज़ करवाने के लिए गया था।

(ख) बाँकीकी धार तेज़ करवाने के लिए गया था।

(ग) खुरपेकी धार तेज़ करवाने के लिए गया था।

(घ) फावड़ेकी धार तेज़ करवाने के लिए गया था।

(ii) धनराम अपने काम में सफल क्यों नहीं हो रहा था ?

(क) क्योंकि वह एक हाथ से पलास पकड़कर दूसरे हाथ से छड़

(ख) क्योंकि वह एक हाथ से हँसुवा पकड़कर दूसरे हाथ से ठीहा

(ग) क्योंकि वह एक हाथ से सँड़सी पकड़ रखा था दूसरे हाथ में हथौड़ा

(घ) क्योंकि वह एक हाथ से खुरपी पकड़ रखा था दूसरे हाथ में हथौड़ा

(iii) मोहन ने धनराम का अधूरा काम कैसे पूरा किया ?

(क)दूसरी पलास से लोहे को स्थिर करके धनराम का हथौड़ा लेकर नपी-तुली चोट की।

(ख)दूसरी पकड़ से लोहे को स्थिर करके धनराम का हथौड़ा लेकर नपी-तुली चोट की ।

(ग)दूसरे हाथ सेपकड़कर लोहे को स्थिर करके धनराम का हथौड़ा लेकर नपी-तुली चोट की ।

(घ)दूसरे लोहे सेपकड़कर लोहे को स्थिर करके धनराम का हथौड़ा लेकर नपी-तुली चोट की।

(iv) किसने संकोच त्यागकर उसने दूसरी पकड़ से लोहे को स्थिर कर लिया-

(क) सोहन ने (ख) मोहन ने (ग) आलोपिदीन ने (घ) रमेश जी ने

(v) 'धौंकनी' काम आती है -

(क) आग को धधकाने में (ख) आग को बुझाने में

(ग) आग पर पानी डालने में (घ) दूसरे को हवा देने में

6. निम्नलिखित विकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x10=10)

(i) चेलवांजी अपने सिर पर किस प्रकार का टोप पहनते हैं?

(क) काँसे का (ख) पीतल का

(ग) किसी अन्य धातु का (घ) उपरोक्त में से कोई एक

(ii) कुंई की गरमी कम करने के लिए ऊपर जमीन पर खड़े लोग मुट्ठी भर-भरकर नीचे क्या फेंकते हैं?

(क) रेत (ख) पानी (ग) टोप (घ) रस्सी

(iii) बड़े कुँओं के पानी का स्वाद कैसा होता है?

(क) मीठा (ख)नमकीन (ग) कड़ुवा (घ) खारा

(iv) कुंई के पानी को साफ रखने के लिए उसे किस धातु के बने ढक्कन से ढका जाता है?

(क) लोहा (ख) पत्थर (ग) लकड़ी (घ) मिट्टी

(v) लता जी की प्रसिद्धि का कारण है-

(क) उन्होंने फिल्मी गीत गाए (ख) शास्त्रीय संगीत का ज्ञान

(ग) मधुर स्वर (घ) गानपन

(vi) इनमें से लता के गाने की प्रमुख विशेषता है -

(क) नादमय उच्चारण (ख) उच्चारण (ग) आचरण (घ) ताल

(vii) लता ने कौन-सी लय के गीत बड़ी उत्कटता से गाए हैं?

(क) मध्यलय (ख) द्रुतलय (ग) विलंबितलय (घ) करुण रस की लय

(viii) सामान्यतः लता ने कौन-सी पट्टी में गीत गाए हैं?

(क) सामान्य पट्टी (ख) निम्न पट्टी (ग) ऊँची पट्टी (घ) मध्यम पट्टी

(ix) शास्त्रीय संगीत में किस प्रकार की ताल का प्रयोग किया जाता है?

(क) परिष्कृत (ख) सामान्य (ग) निकृष्ट (घ) ऊँची पट्ट

(x) शास्त्रीय संगीत का स्थायीभाव है-

(क) जलदलय (ख) गंभीरता (ग) चपलता (घ) उपर्युक्त में से कोई भी नही

## खंड- 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न) 40 अंक

7. दिए गए चार विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेखन कीजिए - (1x5=5)

(i) एक कामकाजीऔरत की शाम

(ii) मेरे प्रिय टाइम पास

(iii) इम्तिहान के दिन

(iv) सावन की पहली झड़ी

8. गलत माल मिलने की शिकायत करते हुए खेल का सामान बेचने वाले प्रतिष्ठान 'क्रीड़ा-विहार' कोलगभग 100 शब्दों मेंपत्र लिखिए। (1x5=5)

अथवा

अपने क्षेत्र में पेड़-पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए अपने जिलाधिकारी को लगभग 100 शब्दों में प्रार्थना-पत्र लिखिए।

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)

(i) डायरी लेखन से आप क्या समझते हैं ? डायरी लेखन की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

पटकथा किसे कहते हैं ? पटकथा का स्रोत क्या है ?

(ii) कथा किसे कहते हैं ? कथा लिखते समय किन-किन विशेषताओं को ध्यान में रखना चाहिए ?

अथवा

कथा और पटकथा में अंतर विस्तार से स्पष्ट कीजिए ?

10. निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (2x2=4)

(i) भारतीय स्टेट बैंक मुंबई के महाप्रबंधक को लिपिक पद के लिए आवेदन-पत्र लगभग 40 शब्दों में लिखिए।

(ii) उदयपुर स्थित 'सहेली' संस्था को घर-घर जाकर आंकड़े एकत्र करने के लिए कुछ सहायकों की आवश्यकता है। संस्था-अध्यक्ष को लगभग 40 शब्दों में आवेदन-पत्र लिखिए।

(iii) 'दीपायन' संस्था को पुस्तकालय-सहायक चाहिए। संस्था-अध्यक्ष को लगभग 40 शब्दों में आवेदन-पत्र लिखिए।

11. निम्नलिखित काव्य खंड पर आधारित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - (3x2=6)

(i) घर से अलग होकर आप घर को किस तरह से याद करोगे ? तर्क सहित लिखिए ।

(ii) माया देख कर मनुष्य अहंकार क्यों कर बैठता है ? माया के वशीभूत होना क्यों उचित नहीं है ? तर्क सहित उत्तर लिखिए ।

(iii) कल्पना करें, प्रेम प्राप्ति के लिए मीरा को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा ?

12. निम्नलिखित काव्य खंड पर आधारित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए - (2x2=4)

(i) कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है। इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं ?

(ii) माताजी, पिता को क्या कहकर शांत करती हैं ?

(iii) मीरा संसार के क्रिया-कलाप को देख कर क्यों रो रही हैं ?

13. निम्नलिखित गद्य खंड पर आधारित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - (3x2=6)

(i) धनराम को मोहन के किस व्यवहार पर आश्चर्य होता है और क्यों ?

(ii) लेखक ने कर्जन को समझाने के लिए किन लोक प्रचलित लघु कथाओं और गीतों का उदाहरण दिया है ?

(iii) मान लीजिए कि आपको अपने विद्यालय पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनानी है। इस तरह की फिल्म में आप किस तरह के दृश्यों को चित्रित करेंगे ? फिल्म बनाने से पहले और बनाते समय किन -किन बातों पर ध्यान देंगे ।

14. निम्नलिखित गद्य खंड पर आधारित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए - (2x2=4)

(i) मियाँ नसीरुद्दीन का पत्रकारों के प्रति क्या रवैया था और क्यों ?

(ii) पंडित अलोपीदीन ने वंशीधर को अपनी सारी जायदाद का स्थायी मैनेजर क्यों नियुक्तकरदिया?

(iii) 'नमक का दरोगा' कहानी सद्गुणों के प्रभाव की कहानी है, कैसे ? सिद्ध कीजिए ।